हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 8 सितंबर, 2025

तापमान
अधिकतम 35.1 डिग्री
न्यूनतम 23.9 डिग्री

12 आपदा सांझी, निवारण भी सांझी मेहनत से ही होगा



12 गुरु के बताए मार्ग पर चलने का किया आह्वान



## खबर संक्षेप

### समालख के युवक ने यमुना में लगाई छलांग

**पानीपत।** यमुना नगर से बीएमएस कर रहे विद्यार्थी हिमांशु निवासी पंचवटी कालोनी, समालखा ने यमुना नदी में छलांग लगाकर कथित रूप से सुसाइड कर लिया। वहीं हिमांशु के छलांग लगाने का दृश्य यमुना नदी का जलस्तर देखने के लिए पहुंचे लोगों द्वारा बनाई जा रही वीडियो में कैद हो गया।पता चला कि हिमांशु अपना पर्स व मोबाइल लैपटॉप पुल पर छोड़कर यमुना नदी में छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। यह क्षेत्र उत्तर प्रदेश के शामली जिला का है, वहां की पुलिस इस केस की जांच कर रही है।

### ऑटो रिक्शा की टक्कर लगने से किशोर की मौत

**पानीपत।** समालखा क्षेत्र की जौरासी आट्टा रोड पर बाइक सवार तीन किशोरों को ऑटो रिक्शा ने टक्कर मार दी। हादसे में आकाश निवासी गांव जीतगढ की मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार दो किशोर घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के भाई बिक्रम की शिकायत पर ऑटो रिक्शा चालक पर केस दर्ज किया और पोस्टमार्टम के बाद आकाश का शव उसके परिजनों को सौंप दिया है।

### हनी ट्रैप की आरोपी महिला गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने मलेरिया इंस्पेक्टर को हनी ट्रैप में फंसाकर जबरन वसूली करने वाले गिरोह की महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी नौल्था गांव निवासी सोनू, आशीष और फरार चल रही साथी आरोपी महिला वकील के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। फरार आरोपी महिला वकील को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### 50 वाहनों के चालान और 10 इंपाउंड किए

**पानीपत।** पानीपत जिला पुलिस द्वारा ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत देर रात पुलिस की विभिन्न टीमों ने जगह जगह पर नाकाबंदी कर 960 वाहन चालकों को चेक किया। इनमें से 60 वाहन चालक नशे में वाहन चलाते मिले। जिनमें से 50 के चालान किए। इसके साथ ही अत्याधिक शराब पीकर वाहन चला रहे 10 वाहन चालकों के वाहनों को इंपाउंड किया गया। डीएसपी यातायात सुरेश सैनी ने बताया कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वालों पर पुलिस का अभियान जारी रहेगा।

### ग्रामीणों को किया नशा न करने बारे जागरूक

**कैथल।** जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्ति को लेकर व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस की विशेष टीमें ग्रामीण इलाकों, ढाणियों, चौपालों, स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर आमजन को नशे से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों के बारे में जागरूक कर रही हैं। रविवार को भी ग्रामीणों को जागरूक किया।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जलभराव वाले गांवों का किया मुआयना

8 हजार एकड़ फसल को नुकसान, पीड़ितों से की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को जिले के नग्गल गांव के निकट जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। चंडीगढ़ से कैथल जाते समय सीएम ने नग्गल, हसनपुर के पास जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। प्रभावित किसानों से बातचीत की।

इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला, भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, उपायुक्त अजय सिंह तोमर तथा पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत भी मौजूद रहे। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि टांगरी नदी और बरसाती पानी के नग्गल नाले (गंदा नाला) में प्रवेश करने से जलस्तर काफी बढ़ गया था। इसके कारण लगभग 40 गांव में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। उपायुक्त ने सीएम को बताया कि अंबाला शहर तहसील के अंतर्गत लगभग 28 हजार एकड़ भूमि जलभराव से प्रभावित हुई है।

### तुरंत पानी निकासी के दिए निर्देश

पूर्व राज्यमंत्री ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि यदि यहां पर साइफन का निर्माण हो जाए तो इस क्षेत्र में जलभराव की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने उपायुक्त को निर्देश दिए कि इस कार्य हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। यदि संभव हो तो ड्रेन निर्माण की रूपरेखा भी बनाई जाए ताकि जल निकासी का स्थायी समाधान हो सके। भविष्य में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। मुख्यमंत्री ने भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी जय सिंह जलबेड़ा सहित प्रभावित किसानों से मुलाकात की। उनकी फसलों एवं हुए अन्य नुकसान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को अद्दोमाजरा बांध पर गंदे नाले के नजदीक मोटर चलाने के निर्देश भी दिए ताकि बरसाती पानी की निकासी तेजी से हो सके। सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि भूमि की ग्रेविटी के कारण बरसाती पानी की निकासी हो रही है।



ग्रामीणों से बातचीत

### पानी निकासी के लिए मोटरें लगाई

उन्होंने बताया कि अतिरिक्त निकासी के लिए मोटरें भी लगाई जा रही हैं जिससे पानी की निकासी तेज़ी से हो सके। जैसे ही टांगरी नदी का जलस्तर कम होगा सिंचाई विभाग के पंपों और गेटो को ऊपर उठाकर गंदे नाले का पानी बाहर निकाला जाएगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री जनसूई हैड के नजदीक सेगती गांव के पास जलभराव की स्थिति का जायजा लेने के लिए रुके। उन्होंने प्रभावित किसानों व ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा नुकसान की भरपाई के लिए ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला गया है। यहां किसान अपने नुकसान का पंजीकरण करा सकते हैं। नियमानुसार उचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार, सीईओ जिला परिषद् गगनदीप, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, संजीव गोयल टोनी, दिनेश लदाना, जसविंद्र सिंह, गुरजंट सिंह जनसूई, शेर सिंह नग्गल, अधीक्षक अभियंता मनीष शर्मा, कार्यकारी अभियंता सिंचाई विभाग संदीप कुमार, आदि मौजूद रहे।

# सीएम से मुलाकात को लेकर किसान-पुलिस में टकराव

महिला अधिकारी पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप

- नग्गल पुलिस को अधिकारी के खिलाफ दी शिकायत
- मामले की भनक लगते ही सीएम ने किसानों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीएम नायब सैनी से मुलाकात को लेकर भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह से जुड़े किसानों का पुलिस से टकराव हो गया। इस दौरान महिला पुलिस अधिकारी सुनीता ढाका ने यूनियन के नेता जय सिंह जलबेहड़ा को रोकने का प्रयास किया।

इस प्रयास में उनके गले में बंधी धार्मिक कृपाण टूटकर नीचे गिर गई। जय सिंह का आरोप है कि पुलिस अधिकारी ने न केवल जानबूझकर उसकी धार्मिक भावना को आहत किया बल्कि उसके कपड़े फाड़कर अपमानित भी किया है। इस सिलसिले में उनकी ओर से पुलिस को शिकायत देकर महिला अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। किसानों ने साफ कहा कि अगर अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई न हुई तो किसान सोमवार को नग्गल थाने का घेराव करेंगे। किसान नेता जय सिंह जलबेहड़ा ने बताया कि रविवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी नग्गल में जलभराव की स्थिति का जायजा लेने आए थे। तब बरसात से खराब फसलों की जानकारी देने के लिए किसानों ने सीएम से मुलाकात करने का निर्णय लिया था। जय सिंह ने बताया कि उनका सीएम के विरोध का कोई इरादा नहीं था। मगर





**अंबाला।** किसान नेता को रोकने का प्रयास करती महिला अधिकारी व अपने साथ हुए बर्ताव की जानकारी देते जय सिंह जलबेहड़ा व अन्य किसान।

### थाने के घेराव का किया ऐलान

किसान नेताओं ने महिला पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि सोमवार को नग्गल थाने का घेराव किया जाएगा। किसानों ने महिला अधिकारी का तबादला पलवल करने की मांग की है।

पुलिस ने उनकी मंशा को गलत समझते हुए किसानों को रोकने का प्रयास किया। इसी प्रयास में उनकी धार्मिक कृपाण महिला अधिकारी सुनीता ढाका ने तोड़ दी। उसके कपड़े फाड़ दिए। हालांकि मामले की भनक लगते ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने तुरंत किसान नेताओं को बातचीत के लिए बुलाया। किसान नेता कुलदीप सिंह मोहड़ी और जय सिंह जलबेड़ा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने नग्गल क्षेत्र में जलभराव की गंभीर समस्या से अवगत कराया। सेगती गांव के पास बने बांध के कारण जलभराव हो रहा है। पहले वहां पानी की निकासी के लिए मोटर लगी होती थी जो अब बंद है। उन्होंने मोटरों को फिर से चालू करने की मांग की। 28 जुलाई को अंबाला शहर की नई अनाज मंडी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान भी प्रशासन ने उन्हें मुख्यमंत्री से मिलने से रोका था। इस पर मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। जैसे ही उन्हें किसानों की मौजूदगी का पता चला उन्होंने तुरंत मुलाकात का निर्देश दिया।

# पानी निकासी के लिए मंत्री अनिल विज से मिले उद्योगपति



**अंबाला।** कारोबारियों से मुलाकात करते मंत्री अनिल विज। *फोटो : हरिभूमि*

- विज ने सिंचाई विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव व डीसी को दिए कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी की इंडस्ट्रियल एरिया के कारोबारियों पर सारे शहर का दारोमदार है। उन्होंने तिनका-तिनका जोड़कर अपने उद्योग खड़े किए हैं।

अत्याधिक पानी आने से उद्योग प्रभावित हो रहे हैं और तुरंत यहां से पानी निकासी के प्रबंध तुरंत किए जाएं। विज अंबाला छावनी इंडस्ट्रियल एरिया में आए बाढ़ के पानी की निकासी के लिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल व डीसी अजय तोमर को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश रहे थे। इससे पहले इंडस्ट्रियल एरिया के कई उद्योगपत्तियों ने एरिया में आए अत्याधिक पानी निकासी के लिए मंत्री अनिल विज के आवास पर पहुंच उनसे गुहार लगाई थी।

विज ने इस पर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इंडस्ट्रियल एरिया में तुरंत पंप लगाकर व अन्य प्रबंध कर पानी की निकासी सुनिश्चित करें। उन्होंने मौके पर ही अंबाला छावनी एसडीएम विनेश कुमार को बुलाकर कार्रवाई के निर्देश दिए।

मंत्री ने नगर परिषद के ईओ को निर्देश दिए कि पानी निकासी के लिए जहां से भी पंप लेने पड़े वह लिए जाएं तथा एरिया में पंप लगाकर पानी निकासी की जाए। मंत्री अनिल विज ने महेशनगर थाने के एसएचओ को पानी निकासी होने तक स्थायी तौर पर पुलिस टीम तैनात करने के निर्देश दिए।

# आपदा पीड़ितों के लिए राहत सामग्री पंजाब रवाना की

डॉ. पवन सैनी गांव में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

गांव भूरेवाला से आपदा पीड़ितों के लिए बड़ी पहल करते हुए अमृतसर (पंजाब) के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री रवाना की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी गांव में पहुंचे।

ग्रामीणों द्वारा एकत्र की गई सामग्री को रवाना किया। गांववासियों ने मिलकर खाद्य सामग्री, कपड़े, दवाइयां, ज़रूरी सामान, 3 ट्रॉली खाद्य सामग्री और 1 ट्रॉली भूस (तूड़ी) एकत्र कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए भेजी है। डॉ. पवन सैनी ने ग्रामीणों की इस सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि "कठिन समय में सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। भूरेवाला गांववासी समाज सेवा की प्रेरणा बने हुए हैं। आपदा पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता पहुंचाई जाएगी और किसी को भी अकेला महसूस नहीं होने दिया जाएगा।" इस मौके पर गांव के बुजुर्ग, नौजवान और महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। सामूहिक सहयोग से राहत सामग्री तैयार कर रवाना की गई। सैनी ने गांव भुरेवाला वासियों के साथ-साथ रमेश सिंह, पूर्व सरपंच रणधीर सिंह, बीडीसी मेंबर दीपचंद और अन्य सहयोगियों का हृदय से धन्यवाद किया।



**शहजादपुर।** पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री रवाना करते ग्रामीण।

### कैथ में बारिश के चलते मकान हुआ क्षतिग्रस्त

**इसराना।** पिछले कई दिनों से हो रही बारिश से एक परिवार का मकान क्षतिग्रस्त हो गया। गांव कैथ में देर रात संदीप कुमार सैनी के मकान की एक दीवार गिर गई। गनीमत यह रही की दीवार गिरने से कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन मकान का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

घटना रात करीब 1:30 बजे की है। संदीप अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ सो रहे थे। अचानक खेतों की तरफ वाली दीवार गिरने की आवाज आई। परिवार तुरंत जाग गया और मकान से बाहर निकल गया।

संदीप ने बताया कि यह मकान उनके माता-पिता ने जमीन खरीदकर बनवाया था। मकान गांव के बाहर स्थित है। मकान के पास ही खेत भी हैं। सुबह जब मकान का निरीक्षण किया तो अन्य दीवारों में भी दरारें मिली।

# पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए भाजपाइयों ने राहत सामग्री भेजी

एक माह का वेतन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भाजपा संगठन की ओर से पंजाब में बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए दो ट्रकों में राहत सामग्री रवाना की गई। राहत सामग्री को भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल से भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, असंध विधायक योगेन्द्र राणा, करनाल विधायक जगमोहन आनंद और महापौर रेणु बाला गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर भेजा। सामग्री में खाद्य सामग्री किट, दवाइयां, कपड़े, बर्तन और बिस्तर आदि शामिल हैं।

विधायक योगेन्द्र राणा ने कहा कि वे अपना एक माह का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष में देंगे। उन्होंने सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे भी आगे आकर पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद करें। भाजपा "वसुधैव कुटुंबकम" की विचारधारा पर चलती है और पंजाब को हरियाणा अपना परिवार मानता है। जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि हरियाणा हमेशा सेवा और सहयोग की भावना से कार्य करता रहा है। विधायक जगमोहन आनंद और मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि पंजाब की मदद करना हर नागरिक का कर्तव्य है। हरियाणा सरकार भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खाद्य सामग्री पहुंचा रही है, जिससे दोनों राज्यों के बीच एकजुटता का संदेश गया है।



**करनाल।** भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल से राहत सामग्री रवाना करते हुए।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने जारी की 2025 की शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग

# कुवि की एनआईआरएफ रैंकिंग से बढ़ा हरियाणा का मान

- कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2025 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने शानदार उपलब्धि हासिल कर हरियाणा का नाम रोशन किया है।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने यूनिवर्सिटी के शिक्षकों, स्टाफ और विद्यार्थियों को इन उपलब्धियों के लिए बधाई दी। एनआइआरएफ रैंकिंग में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने स्टेट पब्लिक यूनिवर्सिटी कैटेगरी में 53.56 अंक प्राप्त कर 35वां स्थान प्राप्त किया है। पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष अधिक प्रतिस्पर्धा होने के बावजूद कुवि ने एनआईआरएफ रैंकिंग में सुधार किया है। टीचिंग लर्निंग रिसोर्सिज पिछले वर्ष 55.2 से बढ़कर इस वर्ष 59.03 हो गई है, शोध एवं व्यावसायिक अभ्यास के स्कोर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो पिछले वर्ष 25.14 से बढ़कर इस वर्ष 31.19 हो गया है। ग्रेजुअट आउटकम 60.75 से बढ़कर 62.07 हुआ है। सभी मानकों पर स्कोर में वृद्धि हुई है और इसने समग्र स्कोर में योगदान दिया है। 2023 में कुवि का रैंक 201-300 के बीच, वर्ष 2022 में 101-150 के बीच, वर्ष 2021 में 101-150 के बीच, वर्ष 2020 में 99 स्थान, वर्ष 2019 में 98 वां स्थान तथा वर्ष 2017 में कुवि ने 95 वां स्थान हासिल किया था। इस वर्ष कुवि की रैंकिंग में सुधार शोध के क्षेत्र में एक अच्छा संकेत है।



**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का बाहरी दृश्य।

### अनेक उपलब्धियां रही हैं कुवि के नाम

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा का सबसे पुराना विश्वविद्यालय है। इसे हरियाणा की मदर यूनिवर्सिटी के नाम से भी जाना जाता है। इसकी स्थापना भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने सन 1956 में संस्कृत विश्वविद्यालय के रूप में की। आजादी के बाद 78 वर्षों में भारत ने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने भी शिक्षा जगत में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। कुवि हरियाणा का एकमात्र सरकारी विश्वविद्यालय है जिसे नैक द्वारा ए-प्लस-प्लस ग्रेड प्राप्त है। यूजीसी की कैटेगरी वन सूची में आठवां स्थान और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को इसके सभी प्रमुख प्रावधानों के साथ लागू करने वाला देश का पहला विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय है। यह केवल आंकड़े नहीं बल्कि सभी के परिश्रम, दूरदृष्टि और उत्कृष्टता की सतत साधना का परिणाम है। पिछले कुछ वर्षों में अनुसंधान और पेटेंट फाइलिंग क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। कुवि के पास 60 से अधिक पेटेंट है।

# ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर अधिक ध्यान दें : डॉ. चौहान




**नीलोखेड़ी।** हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान में पत्रकारों से आयोजित संवाद कार्यक्रम में निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। पत्रकार केवल सवाल ही न उठाएं, बल्कि उनके समाधान भी प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सटीक सवाल करने की ताकत निरंतर अध्ययन से आती है, लेकिन दुर्भाग्यवश आज पढ़ने की संस्कृति घट रही है। डॉ. चौहान ने कहा कि पत्रकारों को बदलते समय के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व नई तकनीक सीखकर स्वयं को सक्षम बनाना चाहिए और ग्रामीण विकास से जुड़े मुद्दों पर अधिक ध्यान देना चाहिए। हरियाणा पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष के.बी. पंडित ने कहा कि पत्रकारिता को केवल पेशा न मानकर सेवा भाव से करें। जिला अध्यक्ष राजकुमार प्रिंस ने पत्रकारों को तथ्यपरक और गहराई से जांचकर खबरें लिखने की सलाह दी। पूर्व जिला अध्यक्ष कमल मिड्ढा ने कहा कि पत्रकारिता के साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता भी जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** शहर के बाईपास पुल के पास विश्वकर्मा चौक के नजदीक कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत हो गई। वीना नगर कैंप निवासी नरेश कुमार ने शहर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित वीना नगर कैंप निवासी अनिल कुमार शाम साढ़े छह बजे किसी काम से बाहर गया था। जब वे घर लौट रहा था तो बाईपास पुल के पास विश्वकर्मा चौक के नजदीक तेज गति से आ रही कार ने टक्कर मार दी। टक्कर से अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### शिविर में 327 मरीजों की आंखें जांची, दवाई दीं

**यमुनानगर।** जनकल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को शहर के कैंप में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ समिति के संयोजक संजय चौधरी ने किया। शिविर के दौरान नेत्र चिकित्सक डॉ. राहुल गोयल सहारनपुर व डॉ. संदीप ने मरीजों की आंखों व मोतियाबिंद की जांच की। शिविर में आंखों से पीड़ति कुल 327 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जिनमें से 50 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद का दोष पाया गया, जिनके ओप्रेशन संस्थान द्वारा करवाए जाएंगे।

### घर में घुसकर छात्रा को अगवा करने की धमकी

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर छात्रा को स्कूल से अगवा करने की धमकी दी। इसके साथ ही आरोपियों पर छेड़छाड़ करने व जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी महिला समेत तीन आरोपियों के खिलाफ आठ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## प्राचीन गोगा माढ़ी रादौर में चल रहे मेले में दूसरे दिन हजारों श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

*प्रशासन ने मेले की सुरक्षा के पुखता प्रबंध किए सीसीटीवी से रखी जा रही नजर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर




रादौर । मेले में सजी दुकाने व गोगा माढ़ी में पूजा अर्चना करने के लिए लाइनो में लगे श्रद्धालु फोटो : हरिभूमि

प्राचीन एवं ऐतिहासिक जाहरवीर गोगा माढ़ी रादौर में चल रहे आठ दिवसीय मेले के दूसरे दिन हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर मन्नते मांगी। इस दौरान मेले में आकर्षक रुप से झूले और दुकानें सजाई गई । स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी सीएचओ डॉ. धर्मेंद्र के नेतृत्व में मेले में खाद्य सामग्री की जांच की।

सीएचओ डॉ. धर्मेंद्र ने फास्ट फूड वालों को सामान ढककर रखने व अच्छे से पका हुआ खाना दिए जाने की अपील की। रविवार को सुबह होते ही रादौर स्थित प्राचीन गोगा माढ़ी के मेले में श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माढ़ी पर निशान (छड़ी) चढ़ाकर अपनी पहले से मांगी गई मन्नत को पूरा होने पर पूजा अर्चना की। मौके पर जाहरवीर गोगा माढ़ी के पुजारी अनिल कश्यप व बाबू राम कश्यप ने बताया कि मेले में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग अलग लाइनों की व्यवस्था की गई है। वहीं, मीठी खील का प्रसाद व 786 की चादर गोगा माढ़ी में प्रतिबंध रहेगी। नपा चेयरमैन शालु मेहता ने बताया कि मेले के पहले व दूसरे दिन आमतौर पर कम लोग पहुंच पाते हैं। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर नाके लगाए गए है। मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। महिला पुलिस कर्मचारी विशेष रूप से ड्यूटी देंगी। मेले में आवारागर्दी करने वाले लोगों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर खास प्रबंध किए गए है। गोगामाडी के आसपास पुलिस का विशेष प्रबंध होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लाईने लगवाई जाएगीए ताकि श्रद्धालु लाइनों में लगकर प्रसाद चढ़ा सके

### चोरों ने फैक्ट्री समेत तीन स्थानों को बनाया निशाना

**यमुनानगर।** जिले में चोरों ने फैक्ट्री समेत तीन स्थानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के चिट्टा मंदिर रोड स्थित योगेंद्र लांबा ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी चिट्टा मंदिर रोड पर सुपर वेल्ड इंडिया के नाम से लोहे की फैक्ट्री है। जहां पर लोहे की रिप्ट बनाने का काम किया जाता है। दो सितंबर को वह फैक्ट्री से काम खत्म करवा कर घर आ गया था। सुबह जब वह फैक्ट्री में गया तो वहां पर सामान बिखरा मिला। जांच करने पर फैक्ट्री से इनवर्टर बैटरी, कैमरा की डीवीआर, लोहे की रिपटे, तार खींचने की मशीन तथा एलसीडी गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी।

### बाढ़ बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे अधिकारियों की आयोजित

## खेतों में भरे जलभराव की निकासी के लिए किए जा रहे प्रबंध : डीसी

**56 अति संवेदनशील गांवों के खेतों में पानी खड़ा**



यमुनानगर । कैंपस कार्यालय में आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगरए

जिले में बाढ़ बचाव कार्यों की निगरानी कर रहे प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन उपायुक्त के कैंपस कार्यालय में किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने बैठक में जलभराव की निकासी के कार्य को जल्द पूरा किए जाने और बरसात में जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उनका सरकार से मुआवजा दिलवाए जाने के निर्देश दिए।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला में बरसात के कारण जिन लोगों के मकानों को नुकसान हुआ है। उन मकानों का सर्वे करवाकर सरकार द्वारा उचित मुआवजा दिलवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला के 56 अति संवेदनशील गांवों के खेतों में पानी खड़ा है। उसकी निकासी के उचित प्रबंध किए जा रहे हैं और धीरे धीरे जल स्तर घट रहा है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जिले के अन्य लगभग 300 गांवों में फोन पर सम्पर्क कर निरंतर जानकारी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि बरसात के कारण जिन लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। प्रशासन द्वारा ऐसे विस्थापित लोगों को ठहरने और भोजन व पानी आदि की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जा रही है।

**रिपोर्ट भेंजे**

*उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बैठक में सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करें । ताकि समय रहते लोगों को बाढ़ बचाव सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, नगराधीश पीयूष गुप्ता, जिला राजस्व अधिकारी तरूण सहोता, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार व डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।*

### नपा के चेयरमैन ने किया शुभारंभ

## नपा रादौर में मोबाइल टॉयलेट की सुविधा शुरू



यमुनानगर । रादौर में नपा द्वारा मोबाइल टॉयलेट का शुभारंभ होने पर खुशी जताते हुए पार्षद व नपा के स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

नगरपालिका द्वारा रादौर में स्वच्छता बनाए रखने को लेकर रविवार को सात लाख रुपये की लागत के तैयार बड़े मोबाइल टॉयलेट का शुभारंभ किया गया है। टॉयलेट का शुभारंभ नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालू ने किया। मौके पर मोबाइल टॉयलेट का शुभारंभ होने पर पार्षदों व नपा के स्टाफ सदस्यों ने ढ़ोल की थाप पर खुशी जताई।

नपा रादौर चेयरमैन शालु मेहता ने बताया कि मोबाइल टॉयलेट को कस्बा में आयोजित किए जा रहे आठ दिवसीय मेले में खड़ा किया जाएगा। जिससे मेले में दुकाने लगाने वाले दुकानदार व श्रद्धालु मोबाइल टॉयलेट का इस्तेमाल कर सकेंगे। रादौर कस्बा को साफ सूथरा रखने के लिए नगरपालिका प्रयासरत है। उन्होंने कस्बा के लोगों से साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे जाने की अपील की।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर नपा के सफाई निरीक्षक सुमित बैंस, पार्षद भगवतदयाल कटारिया, पार्षद जसवंत सिंह, पार्षद ऋषिपाल नंबरदार, पार्षद श्रीकांत मोंटी, पार्षद विनिश राणा, पार्षद रविंद्र सैनी, मोनू सरदार, रणजीत सिंह, नपा दरोगा जितेंद्र सिंह बिट्टू आदि मौजूद रहे।

## भाजपा में परिवारवाद के लिए नहीं है कोई स्थान: जगमोहन




यमुनानगर । भाजपा कार्यालय में आयोजित जगाधरी कार्यकर्ताओं की बैठक में दिशा निर्देश देते विधायक जगमोहन।

**यमुनानगर।** भारतीय जनता पार्टी जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की पार्टी के जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यातिथि के रुप में करनाल से भाजपा विधायक एवं यमुनानगर के प्रभारी जगमोहन आंनद ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल मौजूद रहे। जबकि बैठक की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। मुख्यातिथि एवं भाजपा के करनाल से विधायक जगमोहन आंनद ने कहा की केंद्र में मोदी सरकार व हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं परिश्रम से बनी हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं को मेरा बूथ सबसे मजबूत रणनीति पर काम करना है व शक्ति केंद्र व मंडल इकाई को ज्यादा से ज्यादा मजबूत करना है। भारतीय जनता पार्टी में परिवारवाद के लिए कोई भी जगह नहीं है। भाजपा में कार्यकर्ताओं को पूरा मान सम्मान दिया जाता है। भाजपा में मेहनत करके कोई भी व्यक्ति किसी भी उच्च पद तक पहुंच सकता है। इसका साक्षात उदाहरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सैनी और केन्द्रीय कैबिनेट ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को अपना हौसला हमेशा बनाए रखना है।

## राजकीय स्कूल अलाहर में मनाई 100वीं वर्षगांठ

*1925 का उर्दू में मौजूद बच्चों का रिकॉर्ड देखा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर




यमुनानगर । गांव अलाहर स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वर्ष गांठ कार्यक्रम में मुख्यातिथि समेत अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए ग्रामीण।

आजादी से पहले रादौर क्षेत्र के गांव अलाहर में स्थापित किए गए राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल की 100वीं वर्ष गांठ धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में जर्मनी पार्लियामेंट के मेंबर फ्रैंकफर्ट राहुल कांबोज ने भाग लिया।

ग्रामीणों ने मुख्यातिथि राहुल कांबोज का जोरदार स्वागत किया। स्कूल के प्रिंसिपल मुकेश रोहिल ने बताया कि आजादी से पहले अंग्रेजों द्वारा गांव अलाहर में 1925 में स्कूल की स्थापना की थी। उस समय दो कमरों में स्कूल को प्राइमरी स्कूल के रुप में शुरु किया गया था। जिसमें शुरु में गांव के पांच बच्चों ने स्कूल में दाखिला लिया था। इसके बाद आसपास के ग्रामीणों ने अपने बच्चों को अलाहर के प्राइमरी स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजना शुरू किया। जिसके बाद धीरे धीरे स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ती गई और स्कूल में 200 से अधिक बच्चे पढ़ने लगे। प्रिंसिपल मुकेश रोहिल ने बताया कि 1979 में सरकार ने स्कूल को हाईस्कूल का दर्जा दिया था। 2003 में स्कूल को सीनियर सैकेंडरी स्कूल का दर्जा मिला। सरकार ने मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण योजना के तहत प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया था।

**प्रिंसिपल को किया सम्मानित**

*इस दौरान क्षेत्र के समाजसेवी राजकुमार कांबोज व मुख्यातिथि राहुल कांबोज ने स्कूल में 1925 का उर्दू में मौजूद बच्चों का रिकॉर्ड देखा। उन्होंने गांव के स्कूल की 100वीं वर्षगांठ पर सभी स्टाफ सदस्यों, बच्चों व ग्रामीणों को विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बड़े गर्व की बात है कि स्कूल अपने 100 वर्ष पूरे कर इतिहास रचने जा रहा है। स्कूल की 100 वीं वर्षगांठ पर गांव व क्षेत्र के समाजसेवी राजकुमार कांबोज व मुख्यातिथि राहुल कांबोज और प्रिंसीपल को ग्रामीणों व रोटरी क्लब के सदस्यों ने शॉल भेंटकर सम्मानित किया।*

### नवनियुक्त पदाधिकारियों को किया सम्मानित

## बलिंद्र सिंह बालियान बने अखिल भारतीय किसान सभा के प्रधान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से रविवार को गांव बैंडी में बैठक का आयोजन किया गया। सभा के वरिष्ठ सदस्य जसबीर सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान सभा की कार्यकारिणी का गठन किया गया।

सभा के वरिष्ठ सदस्य जसबीर सिंह ने बताया कि सभा की नवगठित कार्यकारिणी में बलिंद्र सिंह बालियान को सर्वसम्मिति से प्रधान नियुक्त किया गया। वहीं, सतीश कुमार को सचिव, जसबीर सिंह को कोषाध्यक्ष, रविंद्र सिंह को वरिष्ठ उपप्रधान, गुरविंद्र सिंह को उपप्रधान, प्रदीप सिंह को संगठन सचिव, मनोज शर्मा व पवन शर्मा को सहसचिव और कमल शर्मा को संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को सभा के सदस्यों ने फुलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। सम्मेलन में केन्द्र व राज्य सरकार की किसान, मजदूर विरोधी नीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। किसान सभा के जिला सचिव महिपाल चमरोड़ी ने कहा कि केंद्र सरकार न तो स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू कर रही है और न ही किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की नई बाजार नीति भी खेती को बर्बाद करेगी। किसान सभा ने फैसला किया है कि देश में लोकतंत्र बचाने की लड़ाई में किसान सभा शामिल है।

## मानवता की सेवा के लिए आगे आएं संतः आचार्य



**यमुनानगर।** जिले के व्यासपुर के घाढ़ क्षेत्र में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का रविवार को समापन हो गया। इस अवसर पर कथाव्यास स्वामी विद्या सागर आचार्य ने कहा कि आज का इंसान अपने मूल उद्देश्य से पथभ्रष्ट होकर जिस तरह अपने स्वार्थ के खातिर आपराधिक दुनिया मे अग्रसर होता जा रहा है उससे मानवता तो कलंकित हो ही रही है। वहीं सामाजिक वातावरण भी प्रदुषित होता जा रहा है। जिसे बचाने के लिए संतो-महापुरूषो को आगे आना होगा। मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया। उन्होंने फरमाया कि संसार मे भक्त कबीर , गुरू नानक देव , संत शिरोमणी श्री गुरू रविदास समेत जितने भी पैगम्बर अवतरित हुए हैं सभी ने जात पात का खंड़न कर इंसान को प्रेम, भाईचारा, दया व मानवता वाला जीवन जीने की प्रेरणा दी। लेकिन आज इंसान अपने निजी स्वार्थो के खातिर पैगाम्बरो के इस संदेश को भुलकर समाज मे जाति-पाति व वर्ग विशेष की बात फैलाकर इंसानों मे ईष्या व द्वेष की भावना फैला रहा है जिससे समाज मे मानवता को ग्रहण लग रहा है। उन्होने कहा कि इंसान छोटा हो या बड़ा अमीर हो या गरीब छोटी जाति का हो या फिर बड़ी जाति का हो या फिर चाहे किसी विशेष वर्ग से संबधित हो सभी एक परम पिता की संतान है।

### दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने जगाधरी में संत संकीर्तन कार्यक्रम करवाया

## सेवा के बिना मानव जीवन है निरर्थकः नीलम भारती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




यमुनानगर। जगाधरी में आयोजित संत संकीर्तन कार्यक्रम में प्रवचन करते हुए साध्वी नीलम भारती व श्रवण करते हुए साध संगत। फोटो : हरिभूमि

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के तत्वावधान में जगाधरी के हनुमान गेट स्थित आश्रम में रविवार को संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संत संकीर्तन कार्यक्रम में साध्वी नीलम भारती ने साध संगत को मानव जीवन में सेवा के महत्व को समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने सुमुधर भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया।

साध्वी नीलम भारती ने फरमाया कि सेवा के बिना मानव जीवन निरर्थक है। क्योंकि प्रकृति और परमात्मा ने मनुष्य को सृष्टि का सिरमौर बनाकर इस धरती पर उतारा है। केवल अपने स्वार्थ पूर्ति हेतु जीवन यापन करते हुए संसार से चले जाना मानवता नहीं है। बल्कि परोपकार एवं जन कल्याण की भावना से सेवारत होकर जीवन को सार्थक कर लेना ही मानव का परम धर्म है।

यदि हमारे भीतर मनुष्य होकर भी सेवाभाव नहीं उतर पाया तो यह दुर्भाग्य है। सेवा शब्द जितना छोटा है। इसका मर्म उतना ही गहन एवं गूढ़ है। यदि हमें परमात्मा की कृपा से स्वस्थ तन मिला है तो हम सभी इसका पूर्ण लाभ उठाएं और संकीर्ण सोच के दायरे एवं आलस्य का त्याग करके अपने माता पिता एवं परिवार जनों के साथ साथ समाज के निम्न एवं जरूरतमंद वर्ग की भी अपने सामर्थ्य अनुसार सेवा अवश्य करें। संतों, भक्तों एवं गुरु जनों की सेवा ही सेवा का अति दिव्यतम स्वरूप है। क्योंकि जब मनुष्य संत या गुरु जनों की सेवा में लगता है तो उसके मन के विकार सहज रूप से ही विनष्ट हो जाते हैं। यदि गुरू सेवा के पश्चात भी मन के विकार नष्ट न हो तो इसके केवल दो ही कारण हो सकते हैं। जिनमें या तो शिष्य ने अभी अपने अहंकार का त्याग ही नहीं किया है या उसने गुरु को अपने जीवन पर कार्य करने की अनुमति ही नहीं दी।

**छोटी उम्र से ही बच्चों को सेवा में लगाएं**

भारती ने फरमाया कि यदि छोटे बच्चों को बालपन से ही सेवा कार्य में संलग्न किया जाए तभी वे अपने आने वाले जीवन में सेवा के महत्व को जान पाएंगे। क्योंकि अपना स्वार्थ त्यागकर परोपकार एवं समाज कल्याण की भावना से केवल वो ही व्यक्ति सेवा कार्य कर सकता है। जो सेवा के महत्व को समझता हो। सेवा ही एक मात्र ऐसी संपदा है जिसे दोनों हाथों से लुटाने पर व्यक्ति स्वयं दया,शांति, करुणा व समृद्धि से मालामाल हो जाता है। क्योंकि ये संपूर्ण ब्रम्हाण्ड उस महात्मा की सेवा में तत्पर हो जाता है जो सदैव संपूर्ण मानव जाति के कल्याण हेतु सेवारत रहता है। साध्वी बहनों ने सुमधुर भजनों का गायन करके समूह संगत को कृतार्थ किया।

## दूसरों की जान बचाने के लिए रक्तदान करना है जरूरीः सेठ



यमुनानगर। रादौर स्थित मुकंदलाल कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर का निरीक्षण करते मुख्यातिथि व अन्य।

**रादौर।** मुकंदलाल नेशनल कॉलेज रादौर में 29वें रक्तदान मेले का आयोजन किया गया। रक्तदान मेले का शुभारंभ मुख्यातिथि एवं मुकंद शिक्षण संस्थाओं के चेयरमैन सेठ अशोक कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। रक्तदान मेले में एम्स दिल्ली की ओर से डॉक्टर हेमंत के नेतृत्व में आई चिकित्सकों की टीम ने रक्तदाताओं से रक्त एकत्रित किया। इस दौरान रक्तदान मेले में रक्तदाताओं से 170 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान मेले में कॉलेज के एनएसएस विद्यार्थियों व क्षेत्र के युवाओं ने स्वेच्छा से अपना रक्तदान किया। मुख्यातिथि एवं मुकंद शिक्षण संस्थाओं के चेयरमैन सेठ अशोक कुमार ने कहा कि कुछ समय पहले लोग रक्तदान करने में संकोच करते थे। लेकिन आज का युवा रक्तदान मेलों में बढ़ चढ़कर रक्तदान करता है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है। रक्तदान करने से मनुष्य समय रहते किसी जरूरतमंद इंसान को अपना खून देकर उसकी जान बचा सकता है। रक्तदान के क्षेत्र में मुकंद लाल संस्थाओं द्वारा दिया जा रहा यह योगदान सराहनीय है। संस्थाओं की ओर से हर वर्ष हजारों यूनिट रक्तदान करके मानवता की भलाई का काम किया जा रहा है। हमें दूसरों की जान बचाने के लिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए। सभी को रक्तदान करके दूसरों का जीवन बचाने में आगे आना चाहिए। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सचिव पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा, प्रमोद बंसल, डॉ. रमेश कुमार, ईश्वर गर्ग, राजबीर सिंह चौहान, कॉलेज की प्राचार्या डॉ. माला शर्मा, डॉ. एसके गर्ग, भारत माटिया, प्रमोद ग्रोवर, रेनु शांडिल्य व पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### कुवि मीडिया संस्थान में मनाया शिक्षक दिवस

**कुरुक्षेत्र।** समाज और राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका सर्वोपरि है क्योंकि आप किसी भी प्रकार के क्षेत्र में कार्यरत हो आपको उस कार्य का हुनर, कार्य के प्रति समर्पण, समाज के प्रति समर्पण , राष्ट्र के प्रति अपनी जवाबदेही की भूमिका का आत्मबोध आपके द्वारा प्राप्त शिक्षा से ही मिलती है। यह उद्गार जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने संस्थान के सभागार में गत दिवस ह्यशिक्षक-दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहे।

### वेद प्रचार सप्ताह का शुभारंभ आज से

**लाडवा।** आर्य समाज लाडवा द्वारा 8 सितम्बर से लाडवा के आर्य समाज मंदिर में वेद प्रचार सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी सभा के प्रधान अनिल गोयल ने दी। उन्होंने बताया कि 8 सितम्बर से प्रतिदिन मंदिर में सुबह साढ़े सात बजे हवन व साढ़े सात से दस बजे तक तथा रात्रि 8 से 10 बजे तक भजन व प्रवचन होंगे। 14 सितम्बर रविवार को सुबह 8 बजे हवन, 10 बजे हवन में संपूर्ण आहुति तथा 10 बजे से भजन व प्रवचन होंगे। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश से आचार्य योगेंद्र याज्ञिक आर्य मुख्य वक्ता, अंबाला से श्वेता आर्या भजनोंपदेशिका तथा विक्रमादित्य पुरोहित वेद पाठी के रूप में शिरकत करेंगे।

### ट्रांसफार्मर का सामान चोरी करने के तीन आरोपी काबू

**लाडवा।** लााडवा पुलिस ने अलग-अलग मामलों में ट्रांसफार्मर का सामान चोरी करने के आरोप में तीन आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले में गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सलीम अहमद, अब्दुल रहमान व गय्यूर निवासी सहारनपुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

### रोटरी क्लब का रक्तदान शिविर 20 को

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए एक रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह शिविर 20 सितंबर 2025 को सुबह 9 बजे सरदार चनन सिंह घुम्मन मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, नजदीक सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किशनगढ़ रोड़, शाहाबाद मारकण्डा में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पी. जी. आई., चंडीगढ़ के डॉक्टरों की टीम रक्त एकत्रित करेगी और डॉक्टर एवं चिकित्सा स्टाफ उपस्थित रहेंगे और संपूर्ण शिविर का संचालन चिकित्सकीय देखरेख में किया जाएगा। सभी आवश्यक स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी।

## लोगों को धैर्य से काम लेने की जरूरत

# मारकंडा एवं इसकी सहायक नदियों में घट रहा जल स्तर

*बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के आम नागरिकों के साथ प्रशासनिक अधिकारी कंधा से कंधा मिलाकर खड़े रहे*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

लगातार भारी बारिश और पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले पानी के कारण शाहबाद व अन्य क्षेत्रों में जहां नदियां और नाले उफान पर थें वहीं बाढ़ से प्रभावित लोगों ने हिम्मत ना हारते हुए कड़ी मेहनत मशक्कत, धैर्य और जज्बे के साथ लोगों की सहायता भी की है। इतना ही नहीं इन प्रभावित क्षेत्रों में आम नागरिकों के साथ प्रशासनिक अधिकारी कंधा से कंधा मिलाकर खड़े रहे है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि लगातार भारी बारिश और पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले पानी के कारण मारकंडा के जरिए शाहबाद और पिहोवा के दर्जनों गांव प्रभावित हुए है। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में मारकंडा नदी एवं इसकी सहायक नदियों (मुलाना, जलबेहडा, झांसा) में जलस्तर में वृद्धि के कारण किसानों एवं आमजन को बाढ़ की आशंका रही।



कुरुक्षेत्र। शाहबाद में मारकंडा नदी में बहता पानी।

### डीएलएसए की सचिव ने शाहबाद में मारकंडेश्वर मंदिर का किया दौरा

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन गत देर सांय शाहबाद मारकंडा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने वहां पर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से निकाले गए लोगों से बातचीत की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज गत देर सायं शाहबाद में मारकंडेश्वर मंदिर में पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षित निकाले गए लोगों से बातचीत कर रही थी। उन्होंने वहां पर उनके भोजन, पानी एवं आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था जायजा लिया तथा उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि बाढ़ से प्रभावित लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की तरफ से इस आपदा के समय में हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

### बाढ़ का दबाव अब धीरे-धीरे कम हो रहा

प्रशासन द्वारा इन क्षेत्रों पर नजर रखने और लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की 24 घंटे के लिए डयूटी लगाई है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए कहा कि मुलाना स्थल पर जल-प्रवाह 31,744 क्यूसिक से घटकर 21,992 क्यूसेक तक आ गया है। शाहाबाद (जीटी रोड) पर प्रवाह 35,158 क्यूसिक से घटकर 18455 क्यूसिक पर पहुंच गया है। झांसा एवं जलबेहडा दोनों स्थलों पर भी प्रवाह में गिरावट दर्ज की गई है। बाढ़ का दबाव अब धीरे-धीरे कम हो रहा है और नदी का जलस्तर उतर रहा है। उपायुक्त ने किसानों एवं ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि खेतों व आवासीय क्षेत्रों में अभी भी जमा पानी के प्रति सतर्क रहें। कृषि कार्य आरम्भ करने से पहले राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों से परामर्श लें, प्रशासन द्वारा घोषित निदेर्शों व चेतावनियों का पालन करें।

### जिला प्रशासन की निगरानी जारी

जिला प्रशासन सभी विकास खंडों में गश्त एवं निगरानी जारी रखे हुए है, राहत एवं बचाव दल पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि अब स्थिति नियंत्रण में है तथा जल-स्तर निरंतर गिर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में पशुपालन विभाग की तरफ से चारा और दवाईयां गांव-गांव जाकर दी जा रही है,बकायदा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, इसी तरह स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी प्रभावित क्षेत्रों में पहुंच चुकी है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस आपदा के समय सभी प्रशासन का सहयोग करे और प्रशासन लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाएगा। इस समय लोगों को जरा सी भी घबराने की जरूरत नहीं है, सभी को धैर्य के साथ काम करना होगा।

## कल्याण नगर में बारिश के पानी का गली में ठहराव होने से लोग परेशान



कुरुक्षेत्र। कल्याण नगर की गली नबर 1 और 2 को जोड़ने वाली गली पानी से भरी हुई।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

शहर के कल्याण नगर की गली नंबर 1 और गली नंबर 2 को जोड़ने वाली गली में बारिश का रूका हुआ पानी स्थानीय निवासियों के लिए सर दर्द बना हुआ है। थोड़ी सी बारिश होते ही गली में पानी का ठहराव होना आने जाने वालों के लिए भारी चिंता का कारण बन जाता है। इसके साथ ही आसपास के घरों के मालिकों को घर की नीवें कमजोर होने का डर भी बना रहता है। यह गली कल्याण नगर के अंतिम छोर तक सभी गलियों को मिलाती है इसलिए यह बहुत ही मुख्य गली है । मुख्य गली होने के बावजूद यह पूरी तरह से प्रशासन की उपेक्षा का शिकार है।

### नहीं हो रहा समाधान

*थोड़ी- सी बरसात होते ही यहां बहता पानी नदी का रूप धारण कर लेता है। कल्याण नगर, वार्ड नंबर 29 में पड़ता है जिसके पार्षद मनु जैन हैं। जब उनसे गली में खड़े हुए पानी की समस्या के समाधान बारे पूछा गया तो उनका कहना था कि वह बहुत बार इस समस्या के बारे में नगर परिषद के अधिकारियों को लिखकर दे चुके हैं लेकिन अभी तक इस समस्या का समाधान नहीं निकला है। कल्याण नगर वासियों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि यदि जल्दी ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कल्याण नगर वासी नगर परिषद थनेसर के समक्ष प्रदर्शन करने पर विवश होंगे।*

### स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग बाढ प्रभावित क्षेत्रों में अपनी निगरानी बनाएं रखे हुए है। उन्होंने कहा कि जिला की रैपिड रिस्पांस टीम ने बाढ़ प्रभावित गांव रूपनगर, पट्टी झाम्बडा, शाहबाद, टंगौर, जलबेहडा इत्यादि क्षेत्रों का दौरा किया। जहां पर पहले से ही कार्यरत स्वास्थ्य विभाग की टीमों को जांचा व इसके अतिरिक्त वहां के स्थानीय लोगों को जागरूक किया व आमजन को बताया कि पानी को उबालकर ठंडा होने उपरांत पीयें, यदि उल्टी, दस्त व बुखार के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक से परामर्श जरूर करें।

## संकट में मदद करना सिखाता सनातन धर्म : हरिओम दास

*वात्सल्य वाटिका में मासिक यज्ञ आयोजित*

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मा कॉलोनी स्थित श्री शिव शक्ति आश्रम एवं वात्सल्य वाटिका में रविवार को मासिक यज्ञ आयोजित किया गया। सुबह यज्ञशाला में पंडित प्रेम नारायण अवस्थी द्वारा मासिक यज्ञ अनुष्ठान सम्पन्न कराया गया जिसमें आश्रम से जुड़े श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों ने आहुतियां दी। इसके बाद इन दिनों उत्तरी भारत विशेषकर पंजाब में आई प्राकृतिक आपदा बाढ़ से हताहत हुए लोगों के प्रति सहानुभूति एवं इस विभीषिका में अपने प्राण गंवा चुके लोगो की आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना की गई।



### आज के समय में यज्ञ, संस्कार पर ध्यान देना जरूरी

*स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों की सेवा करने का जहां भी अवसर मिले, अवश्य करें क्योंकि हमारा सनातन धर्म सिखाता है कि संकट में हमेशा साथ खड़े होकर मदद करनी है। संत हरिओम दास परिव्राजक ने कहा कि आज के समय में जब कहीं ना कहीं बच्चे राष्ट्रीय विचार या संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं, ऐसे समय में यज्ञ, शिक्षा,संस्कार और स्वास्थय आदि पहलुओं पर लगातार ध्यान देते रहना चाहिए। इस अवसर पर सुरेश जोशी, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार सैनी,कृष्ण पांचाल,ओमप्रकाश मित्तल, शिक्षाविद रमेश कुमार, स्नेहलता, शिक्षिका सुनीता, ओमप्रकाश साम्बली, वरुण यादव आदि मौजूद रहे।*

### चंद्रग्रहण पर बंद रहे लक्ष्मी- नारायण मंदिर के कपाट

**कुरुक्षेत्र।** सन्निहित सरोवर स्थित प्राचीन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के कपाट चंद्रग्रहण पर बंद रहे। मंदिर व्यवस्थापक स्वामी हरिनारायण ने चंद्रग्रहण 12 बजकर 57 मिनट पर लगे सूतक के चलते मंदिर के कपाट विधिवत रूप से बंद किए। चंद्रग्रहण सूतक लगने से पहले मंदिर में श्रीलक्ष्मी नारायण जी को भोग लगया गया और मंत्रोच्चारण व शंखनाद के बीच आरती की गई। आरती के बाद कुश तुलसी भगवान के पास रखकर सेन कर दिया गया। चंद्रग्रहण की शुरूआत रात्रि 9 बजकर 24 मिनट पर शुरू हुआ और मोक्ष रात्रि 1 बजकर 23 मिनट होगा। सोमवार सुबह चार बजे भगवान को स्नान कराने के साथ आरती व पूजा की जाएगी।

## बाढ़ पीड़ितों की सेवा का लिया निर्णय

**अतंरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला में मासिक बैठक का किया आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला में मासिक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें संस्था के सचिव हरिकेश सहारन ने एक महीने का आमदनी और खर्चा पेश किया जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों ने धर्मशाला में हो रहे विकासात्मक कार्यों और प्रगतिशील योजनाओं की खुलकर सराहना की। बैठक में समाज और धर्मशाला के उत्थान हेतु अनेक सुझाव और विचार प्रस्तुत किए गए। कुछ विचार ऐसे भी सामने आए जिनका उद्देश्य समाज की सोच को ऊँचा उठाना और अधिकाधिक सेवा-कार्यों की दिशा में आगे बढ़ना है।



कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद अंतर्राष्ट्रीय जाट धर्मशाला के सदस्यगण।

### पंजाब के भाइयों के साथ खड़े होने की आवश्यकता : श्योकंद

*इस अवसर पर संस्था के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने पंजाब और हरियाणा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की ओर समाज का ध्यान आकर्षित करते हुए अपील की कि इस कठिन समय में हमें अपने पंजाब के भाइयों के साथ खडे होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी पीड़ा हमारी पीड़ा है, और हमें उनके लिए अन्न, वस्त्र, औषधि तथा हर संभव सहयोग पहुँचाना होगा। समिति और उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने इस विचार का समर्थन किया और दृढ़ संकल्प लिया कि वे बाढ़ पीड़तिं की सेवा में तन, मन और धन से सहयोग करेंगे बैठक में समिति के अथक परिश्रम, दूरदर्शी सोच और निष्ठा की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।इस मौके पर संस्था के उप प्रधान बन्नी सिंह दूल, होशियार सिंह,नरेंद्र नैन,गंगाबिशन, रमेश मौजूद रहे।*



### श्रीदिगंबर जैन मंदिर में मनाया क्षमावाणी पर्व

**कुरुक्षेत्र।** श्रीदिगंबर जैन मंदिर में क्षमावाणी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस उत्सव पर श्री दिगंबर जैन महिला मंडल द्वारा भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर डॉक्टर हिमांशु जैन न्यूरो सर्जन डीआर जैन, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा दैनिक स्वास्थ्य, लाइफस्टाइल, एक्सरसाइज संबंधी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त डॉक्टर रॉका जैन, प्रोफेसर, आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र एवं डॉक्टर रुचि जैन जयपुर, नेत्र विशेषज्ञ ने उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के उत्तर दिए। क्षमा वीरस्यभूषणम् यह जैनों का मुख्य मूल मंत्र है। क्षमा वीरो का आभूषण है सही ही कहा जाता है कि क्षमा बराबर तप नहीं। क्षमा करना धर्म का आधार है। क्रोध सभी के लिए अहितकारी है और क्षमा सदा सर्वत्र सभी के लिए हितकारी होती है। हर धर्म में क्षमा का महत्व है। वैदिक ग्रंथों में भी क्षमा की श्रेष्ठता पर बल दिया गया है। क्षमा शब्द मानवीय जीवन की आधारशिला है, जिसके जीवन में क्षमा है वही महानता को प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर ऐपी जैन, डॉ आरके जैन, मनोज, मयंक, राजेश कुमार, विजेंद्र, वीरेंद्र, अशोक, सुशील, विवेक, अरुण, प्रदीप, प्रकाश, सुबोध, प्रणय, रचित, अंकित, सतीश , सीता, डॉ रॉका, डॉ रुचि, नीति, स्नेह परिवार सहित उपस्थित रहे।

## श्राद्ध पक्ष में अपने पूर्वजों व पितरों की प्रतिदिन पूजा करनी चाहिए : स्वामी

**जय ओंकार आश्रम श्रीब्रह्मा मंदिर प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग आयोजित**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जय ओंकार आश्रम श्रीब्रह्मा मंदिर प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन हुआ। सत्संग में विभिन्न जिलों से श्रद्धालु पहुंचे। संगत ने गुरु महिमा का बखान किया। कुरड़ी वाले महाराज स्वामी शक्तिदेव ने श्रद्धालुओं को प्रेरणा दी कि प्रत्येक इंसान को अपने गुरु के प्रति पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ आना चाहिए और गुरु के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित रहना चाहिए। गुरुदेव निराकार परब्रह्म ओंकार भगवान का साकार रूप है। गुरुदेव जी के द्वारा ही हम ओंकार भगवान की कृपा पा सकते हैं। महाराजश्री ने कहा कि सभी को श्राद्ध पक्ष में अपने-अपने पूर्वजों व पितरों का प्रति दिन पूजा अर्चना कर उनकी कृपा का पात्र बनना चाहिए और उनकी पूजा करनी चाहिए जिससे ओंकार भगवान की कृपा स्वत ही प्राप्त हो जाती है और गुरुदेव जी का आशीर्वाद मिलता है पारिवारिक जनों में इतनी श्रद्धा रखते थे कि उनके मरने के बाद भी उनकी स्मृति और सम्मान में यथायोग्य दान-पुण्य, सत्कर्म किया करते थे। हमारे पूर्वज, अपने माता-पिता में, अपने बडों में अथवा पारिवारिक जनों में इतनी श्रद्धा रखते थे कि उनके मरने के बाद भी उनकी स्मृति और सम्मान में यथायोग्य दान-पुण्य, सत्कर्म किया करते थे। अपने पितरों के प्रति यही श्रद्धांजलि ही कालांतर में /"श्राद्ध/" कर्म के रूप में मनाई जाने लगी।





### श्रीराम कुष्ठ आश्रम में सेवा ट्रस्ट यूके ने दिया जरुरत का सामान

**कुरुक्षेत्र।** सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने बताया कि ट्रस्ट लगातार सामाजिक गतिविधियों में भाग लेता रहता है। इसी कड़ी में कुष्ट आश्रम में कार्यक्रम किया गया। उन्होंने वहा रहने वाले सभी लोगों को उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की व अपनी को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से सभी को बूस्टर गिफ्ट पैक दिए गए जिसमें डाबर जूस, टूथपेस्ट, टूथब्रश, नारियल तेल, शहद, खांसी से बचाव के लिए डाबर हनी टस आदि समान दिया गया। उन्होने सेवा ट्रस्ट यूके भारत के बारे में विस्तार पूर्वक बताया कि सेवा ट्रस्ट यूके भारत समय-समय पर गरीब और लाचार लोगों का संपूर्ण ध्यान रखती है समय-समय पर इनको यह इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित करती रहती हैं। सेवा ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी विजय पंघाल ने बताया कि सेवा ट्रस्ट द्वारा अम्बाला के गाँव साहा में सेवा धाम के नाम से मल्टी फैसिलिटी होम बनाया जा रहा है जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से अनेक प्रकार की सामजिक सुविधाएँ शुरू की जाएंगी।



कुरुक्षेत्र। सरस्वती तीर्थ पर पुरोहितों द्वारा पिंडदान करवाते श्रद्धालु।

### श्राद्ध पक्ष की शुरूआत, पूर्वजों का पिंडदन करवाने पहुंचे श्रद्धालु

**पिहोवा।** रविवार से श्राद्ध पक्ष की शुरूआत होते ही धर्मनगरी पिहोवा में सरस्वती तीर्थ पर यात्रियों की चहल-पहल बढ़ने लगी है। धर्मग्रंथों के अनुसार इस अवधि को अपने पितरों की आत्मा की शांति और मोक्ष प्राप्ति के लिए विशेष महत्व दिया गया है। यही कारण है कि लोग बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ तर्पण, पिंडदान व दान-पुण्य के लिए यहां सरस्वती तीर्थ पर पहुंचने लगे हैं। तीर्थ पुरोहित राहुल पचौली बताते हैं कि शास्त्रोंनुसार मान्यता है कि यहां सरस्वती तीर्थ पर अपने मृत पूर्वजों के प्रति कर्मकांड, पिंडदान, नारायण बलि, व तर्पण आदि करने से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। स्थानीय घाटों और मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। तीर्थ पुरोहितों के मंत्रोच्चारण के बीच लोगों ने अपने पितरों का तर्पण कर पुण्य अर्जित किया। परंपरा के अनुसार श्राद्ध पक्ष में भोजन, वस्त्र और जरूरतमंदों को दान करने से पूर्वज प्रसन्न होते हैं और परिवार में सुख-समृद्धि का वास होता है। पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि पितृ पक्ष के बिना जीवन अधूरा है।

**कार्यक्रम** रोटरी, रोट्रैक्ट एवं इनरव्हील क्लब ने 26 प्रतिभाशाली शिक्षकों को किया सम्मानित

# जीवन को तराशने में अध्यापक का अहम योगदान : बंसल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लाडवा

रोटरी, रोट्रैक्ट एवं इनरव्हील क्लब की तरफ से रविवार को लाडवा के रोटरी भवन में विश्व साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें लाडवा व आस पास के क्षेत्र के 26 प्रतिभाशाली शिक्षकों को सम्मानित किया गया। यह 26 शिक्षक सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों के करीब 2 हजार अध्यापकों में चुने गए। चुने गए अध्यापकों को उनकी कार्यशैली, व्यवहार, नैतिकता, कार्य क्षमता व लगन को देखकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इनरव्हील क्लब की प्रधान मोनिका बंसल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।



लाडवा। रोटरी द्वारा आयोजित समारोह में सम्मानित किए गए शिक्षकों के साथ मुख्यातिथि व क्लब के सदस्य।

### शिक्षकों को नेशन बिल्डर अवार्ड व पगड़ी पहनाकर नवाजा

रोटरी भवन में आयोजित इस समारोह का शुभारम्भ मुख्यातिथि व क्लब पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। रसमारोह में प्रतिभाशाली शिक्षकों को नेशन बिल्डर अवार्ड व सम्मान की प्रतीक पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि मोनिका बंसल ने शिक्षकों को शिक्षा के माध्यम से बच्चों को प्राचीन सभ्यता से जुड़े संस्कार प्रदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आज का वर्तमान हमारा कल का भविष्य है, जिसे बेहत्तर तरीकें से तराशने में अध्यापक का अहम रोल रहता है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता के साथ-साथ जहां हमें डिजिटल इंडिया का फायदा उठाना चाहिए वहां हम उसका दुरुपयोग ज्यादा करने लगे है, जिसके कारण बच्चों के स्वभाव व कार्यशैली में लगातार बदलाव हो रहा है,जोकि उनके आने वाले समय के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। इस अवसर पर क्लब के अन्य सदस्य व शिक्षक उपस्थित थे।

### ये अध्यापक हुए सम्मानित

समारोह में पी.एम. श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से नीलम रानी, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से रोशन कंबोज, राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला से राम निवास, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेहरा से नेहा सैनी, राजकीय माध्यमिक विद्यालय बड़ौदा से रमा कांत, राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय लाडवा से अनिल कुमार, राजकीय मॉडल प्राथमिक संस्कृति विद्यालय डेरा लाडवा से रिंकी देवी, राजकीय प्राथमिक पाठशाला मंडी लाडवा से विनोद कुमार, भारत पब्लिक स्कूल बाबैन से नीरू गोंडिया, यूनिक शिक्षा निकेतन से ज्योति शर्मा, संजय गांधी स्कूल से मोनिका जिंदल, दून पब्लिक स्कूल से मनदीप कौर, संत निश्चल सिंह से स्वाति अग्रवाल, के.बी.स्कालर स्कूल से सारिका शर्मा, डी.पी.एस. किड्स स्कूल से ज्योति मुंजाल, डी.एस.बी. इंटरनेशनल स्कूल से नीतू, जय भारत हाई स्कूल से मीना रानी, ओम प्रकाश गर्ग स्कूल से सुनीता शर्मा, शहीद भगत सिंह ,स्कूल बरोट से विनीत नारंग। सहारा इंटरनेशनल स्कूल से रेनू, साइग्रेस इंटरनेशनल स्कूल से पल्लवी शर्मा, ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल से सोनाली, अर्ली स्टेप प्री स्कूल से तजिंदर कौर, जय हिंद पब्लिक स्कूल डूडी से राहुल शर्मा, सुगनी देवी स्कूल से रीतू, किड्जी स्कूल से स्वाति गर्ग को सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### विज का किया लोगों ने धन्यवाद

**अंबाला।** ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज से आज उनके आवास पर शाहपुर व मच्छौंडा के निवासियों ने उनका धन्यवाद व्यक्त किया। क्षेत्रवासियों ने कहा कि टांगरी नदी में आए अत्याधिक पानी के कारण शाहपुर में कुछ दिन पहले बांध टूट गया था। इस बांध को ठीक करने के लिए मंत्री अनिल विज ने प्रशासन को दिशा-निर्देश दिए थे। उनके बदौलत प्रशासन द्वारा दिन-रात एक करते हुए मौके पर अफसर भेजे जिसके बाद तुरंत बांध को ठीक करवाया।

### ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल 15 तक खुला रहेगा

**नारायणगढ़।** एसडीएम शिवजीत भारती ने बताया कि सरकार ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया है, जिसके माध्यम से किसान मानसून सीजन 2025 के दौरान भारी वर्षा व जलभराव से हुई खरीफ फसलों की क्षति का दावा दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल 15 सितंबर 2025 तक खुला रहेगा। प्रभावित किसान अपने नुकसान का विवरण इस पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं। सभी पटवारियों, ग्राम सचिवों व ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए कि वे गांव-गांव जाकर किसानों को इस बारे में जागरूक करें ताकि कोई भी प्रभावित किसान क्षतिपूर्ति से वंचित न रह जाए।

### शिक्षक समाज के भविष्य निर्माता

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नई दिशा नई उड़ान अभियान के अंतर्गत शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज के भविष्य निर्माता होते है। विद्यार्थियों के जीवन को सही रास्ता दिखाकर एक न्यायपूर्ण समाज की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जिला के विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षकों को विधिक साक्षरता क्लबों में उनके सराहनीय योगदान हेतु प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### सीजेएम ने बाढ़ प्रभावित गांवों का किया निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में प्राधिकरण की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज ने कुरुक्षेत्र जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र गांव कठवा, नलवी, झांसा, कलसाना, तंगोर, ठसका मीरांजी का दौरा किया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षित निकाले गए लोगों से मुलाकात की। सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने प्रभावित परिवारों से संवेदनशील संवाद किया। उनके भोजन-पानी एवं आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाई तथा उनकी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उनके साथ हर समय खड़ा है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# जल निकासी के लिए अलर्ट पर प्रशासन डीसी ने जनसूई हैड का किया निरीक्षण

## अधिकारियों को निर्देश: लोगों को टैंकरों से पेयजल सप्लाई करें



**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने रविवार को सिंचाई विभाग, जनस्वास्थ्य विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ नग्गल, हसनपुर व जनसूई हैड का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार, अधीक्षक अभियंता सिंचाई विभाग मनीष शर्मा मौजूद रहें।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ दौरा करते हुए खेतों में खड़े पानी व अन्य जगहों पर जलभराव के दृष्टिगत जो कार्य किए जा रहें है उसकी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने जनसूई हैड का भी दौरा किया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर के दिशा-निर्देशानुसार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को पेयजल आपूर्ति में कोई बाधा न आए इसके लिए विभाग द्वारा जल भराव क्षेत्रों में पानी के टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता अरविंद रोहिल्ला ने बताया कि सभी जलभराव वाले गांवों में पानी की व्यवस्था सुचारू रूप से चलाई जा रही है। अगर कहीं कोई समस्या आई तो पानी के टैंकरों द्वारा लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध करवाया गया है। जलभराव वाले क्षेत्रों में पानी की गुणवत्ता को भी चेक किया गया है।

## सैलजा का सरकार पर तीखा वार, बोली- कागजों का पेट भरने से नहीं रुकेगी बाढ़, धरातल पर करना होगा काम

**अंबाला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने राज्य में बाढ़ जैसे हालात के लिए सीधेतौर पर प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश बाढ़ जैसी विकट आपदा से जूझ रहा है। पर सरकार विकास के नाम पर गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक सरकार ने बाढ़ पीड़ितों के लिए कोई राहत पैकेज की घोषणा नहीं की है। केवल ई. क्षतिपूर्ति पोट्र्ल खोलकर अपनी पीठ थपथपाई जा रही है। राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा रविवार को यहां मीडिया से बातचीत कर रही थी। इससे पहले अंबाला आने पर कालका चौक के पास प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं डेलिगेट एडवोकेट रोहित जैन, रिंकू पूनिया व अंबाला छावनी कांग्रेस के अध्यक्ष परविद्र सिंह परी ने सैलजा का अभिनंदन किया। इसके बाद कुमारी सैलजा ने कांग्रेस के निगम सदस्य एडवोकेट मिथुन वर्मा के पिता एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता देवेंद्र वर्मा के निधन पर भी शोक जताते हुए पीड़ति परिवार से मुलाकात की।

### जिला प्रशासन की कार्यशैली पर उठाए सवाल

बरसाती सीजन से पहले बाढ़ रोकने को लेकर पुख्ता प्रबंध न किए जाने पर सैलजा ने राज्य सरकार पर तीखा वार किया। उन्होंने अंबाला शहर के रामबाग की मुख्य सड़क पर जलभराव को लेकर प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए। कहा कि लोगों को शमशानघाट जाने के लिए दो-दो फुट पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि बरसात से पहले न तो नहरों के तटबंध मजबूत करवाए जाते न ही नदी, नहरों और नालों की सफाई करवाई जाती। उन्होंने कहा कि कागजों का पेट भरने से न तो बाढ़ रूकेगी और न ही जान माल की हानि को रोका जा सकता है। शहर के नदी मोहल्ला के पास बरसाती पानी की मार झेलने वालों से कुमारी सैलजा ने बात की।

## बाढ़ के लिए सरकार जिम्मेदार, प्रशासन ने नहीं किए निकासी के बेहतर प्रबंध: दीपेंद्र

**अंबाला।** रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने राज्य के अंबाला समेत कई जिलों में बाढ़ के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। हुड्डा ने कहा कि दुख की बात है कि इस अति संवेदनशील मुद्दे पर मुख्यमंत्री नायब सैनी असंवेदनशील नजर आ रहे हैं। उनका आरोप है कि जनता बाढ़ के पानी में डूबी है जबकि सरकार की ओर से अभी तक किसी राहत पैकेज की घोषणा नहीं की गई। सांसद दीपेंद्र हुड्डा प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव रहे युवा नेता रोहित शर्मा विशु के आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ अंबाला के सांसद वरूण मुलाना , अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह,कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष दुष्यंत चौहान, कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष डिंपी अग्रवाल भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि बरसाती नदियों में आए उफान से अंबाला की जनता को बेहद नुकसान उठाना पड़ा। खासकर किसानों की लाखों एकड़ फसलें पानी में बह गई।

### पानी निकासी के प्रबंध अधूरे

*सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बरसाती पानी हर साल अंबाला की जनता के लिए मुसीबत बन कर आता है। राज्य सरकार व प्रशासन ने कभी इस मुसीबत से जनता को छुटकारा दिलाने के प्रयास नहीं किए। उन्होंने बताया कि सांसद वरूण मुलाना, विधायक निर्मल सिंह तमाम युवा नेताओं ने धरातल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया। हर जगह पानी निकासी के प्रबंध अधूरे मिले।*



**अंबाला।** मेडिकल कैंप के दौरान वालंटियर्स के साथ खड़ी चित्रा सरवारा।

## आपदा सांझी, निवारण भी सांझी मेहनत से ही होगा

- युवा नेत्री चित्रा सरवारा का राहत अभियान तेज, बाढ़ पीड़ितों के लिए मेडिकल कैंप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

बाढ़ के बाद टांगरी नदी के आसपास फैली बीमारी और अव्यवस्था के बीच रविवार को एक सामूहिक प्रयास ने राहत की सांस दी। ड्रॉप्स ऑफ चेंज,इंसानियत फाउंडेशन, अवेयरनेस वेलफेयर सोसायटी और टीम चित्रा के सहयोग से परशुराम मंदिर के निकट एक विशाल मेडिकल कैंप लगाया गया। इसमें डॉक्टरों की टीम ने निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की।

कैंप में सैकड़ों लोग पहुंचे। उन्हें दवाइयां,आवश्यक जीवन उपपयोगी वस्तुएं और भोजन वितरित किया गया। चित्रा सरवारा ने इस अवसर पर कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में महामारी फैलने का खतरा गहराता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से अपील करते हुए कहा की टांगरी के साथ लगते इलाको में ई-टॉयलेट्स की सबसे ज्यादा जरूरत है। अनेकों महिलाओं ने चित्रा से मुलाकात कर बताया की कीचड़ ज्यादा होने की वजह से निकासी नहीं है जिसकी वजह से टॉयलेट्स ब्लॉक पड़े हुए हैं। इसकी वजह से हमें महिलाओं को मजबूरी में खुले में टॉयलेट जाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा की इस आपदा को केवल प्राकृतिक दुर्घटना न मानें बल्कि आपातकालीन स्वास्थ्य मिशन के रूप में देखें।

### साफ-सफाई बनाए रखें

चित्रा ने कहा कि यह समय राजनीति का नहीं मानवता का है। हमें हर व्यक्ति तक दवा,भोजन और साफ़ पीने का पानी पहुंचाना होगा, वरना स्थिति और गंभीर हो सकती है। जिस तरह युवा साथी सामाजिक संस्थाएं, डॉक्टरो और वोलंटियर टीमें साथ आए इसके लिए चित्रा ने सभी का दिल से आभार व्यक्त करते हुए सभी लोगों से आगे आने की गुजारिश भी की। उन्होंने लोगों से जागरूक रहने, साफ-सफाई बनाए रखने और किसी भी बीमारी के लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की अपील की।

## रामलीला मंचन के लिए झंडा रस्म अदा की

- श्री कृष्णा ड्रॉमाटिक क्लब 1928 से कर रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुलाना

### रामलीला का मंचन 18 सितंबर से होगा प्रारंभ



रविवार को कस्बे में श्री कृष्णा ड्रॉमाटिक क्लब द्वारा रामलीला के आयोजन के लिए झंडे की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर झंडा पूजा करा मंच लगाने का शुभारंभ किया जाएगा । क्लब के प्रधान राधेश्याम नंबरदार ने बताया कि यहां 1928 से क्लब द्वारा रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। क्लब में गांव के युवा वर्ग द्वारा पुराने क्लब के कलाकारों के सानिध्य में राम लीला का आयोजन किया जाता है। इस बार कस्बे में राम लीला का आयोजन 18 सितंबर से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि क्लब अंग्रेजो के शासन काल से राम लीला का आयोजन करता आ रहा है। ब्रिटिश शासन काल में इस के लिए लाइसेंस होना जरूरी होता था। कृष्णा क्लब ही आस पास के क्षेत्र में एकमात्र ऐसा क्लब था जिस के पास रामलीला करने ० दशहरा के मेला आयोजित कराने का लाइसेंस था। यह अब तक ड्रामाटिक क्लब ने पंजीकृत कराया हुआ है।

### धर्म को नहीं छोड़ा था

क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि राम लीला का उद्देश्य देश की हिंदू धर्म की प्राचीन विरासत को चलाए रखने के लिए इस का आयोजन किया जाता है। ताकि लोगो में धर्म के प्रति आस्था रहे व लोग भगवान राम के मर्यादा पुरुषोत्तम रूप से प्रभावित हो। उनकी दी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतार कर एक मर्यादित जीवन जिए। उन्होंने कहा कि राम लीला का मंचन हमें सिखाता है कि किस प्रकार भगवान राम के ऊपर उन के जीवन काल में अनेक संकट आए लेकिन उन्होंने कभी भी धर्म को नहीं छोड़ा। मर्यादित जीवन जीते अच्छाई द्वारा बुराई पर विजय पाई।

## कराटे में लवण्या राणा ने कब्जाया स्वर्ण व प्रिया को मिला रजत पदक

- कुरुक्षेत्र विवि में राष्ट्रीय कराटे टूर्नामेंट का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बराड़ा




**बराड़ा।** प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ी।

ग्रामीण आंचल के होनहार बच्चों ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय कराटे टूर्नामेंट में यूनाइटेड कराटे अकादमी (वाटिका नर्सरी) के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। गांव थंबड़.की लवण्या राणा ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। जबकि प्रिया शर्मा ने रजत पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इसके अलावा विराज ने रजत और रक्षित देशवाल ने कांस्य पदक जीतकर उपलब्धि से क्षेत्र का मान बढ़ाया। समाजसेवी शैलेंद्र प्रताप ने बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी। कोच विकास राणा ने बताया कि इन बच्चों का चयन अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी हो चुका है। खिलाड़ियों की मेहनत और लगन की सराहना करते कहा कि इतने कम समय में पदक जीतना इनकी कड़ी मेहनत का परिणाम है।

## दुष्यंत के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करने के बाद जागी सरकार: कुलदीप जखवाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र




जजपा जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला और जिला प्रवक्ता एडवोकेट शेखर डोगरा जानकारी देते हुए।

जजपा जिलाध्यक्ष कुलदीप जखवाला ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री चौ. दुष्यंत चौटाला द्वारा जिला कुरूक्षेत्र में बाढ़ प्रभावित एरिया का दौरा करने के बाद नायब सैनी सरकार कुंभकर्णी नींद से जागी है और जनता के बीच आकर खानापूर्ति करने लगी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार बाढ़ और बरसात से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने में देरी कर रही है, जो कि सरकार की असफलता को दशार्ती है। जिलाध्यक्ष ने मांग करते हुए कहा कि जिन किसानों की फैसले खराब हुई हैं, उनको जल्द से जल्द उनका मुआवजा दिया जाए और जिन लोगों के मकान बाढ़ की वजह से प्रभावित हुए हैं, उनको भी मुआवजा और उचित सहायता दी जाए। जजपा जिला प्रवक्ता एडवोकेट शेखर डोगरा ने कहा कि सरकार की ओर से पंपिग की व्यवस्था समय रहते नहीं की गई और न ही लगे हुए पंपों को दुरुस्त किया है। जबकि पानी निकासी की व्यवस्था को तुरंत संभालना चाहिए और किसानों को तुरंत मुआवजा मिलना चाहिए। मौजूदा सरकार को मकानों और पशुओं की क्षति की भी भरपाई करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जेजेपी बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद कर रही है।

## गुरु के बताए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

- सत्संग आश्रम में साप्ताहिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



**अंबाला।** सत्संग के दौरान प्रवचन करती साध्वी भारती।

अंबाला शहर के मॉडल टाऊन स्थित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान सत्संग आश्रम में साप्ताहिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी भारती ने शिष्य के जीवन में गुरु आज्ञा का महत्व समझाते कहा कि गुरु की शरण में जाकर उनसे ब्रह्मज्ञान की दीक्षा प्राप्त करना ही शिष्य के लिए पर्याप्त नहीं होता अपितु निरंतर गुरू आज्ञा में चलते ध्यान साधना, सत्संग, सुमिरन और सेवा में संलग्न होकर जीवन के कर्तव्यों का पालन करते रहना ही शिष्य की जीवनचर्या होनी चाहिए। भक्ति मार्ग अथवा ज्ञान मार्ग में श्रद्धा और विश्वास लक्ष्य तक पहुंचाते हैं जब प्रत्येक पड़ाव पर दिशा दिखाने वाली एक दिव्य शक्ति साथ चल रही हो और गुरू के रूप में वह दिव्य शक्ति हमारा दिशा निर्देश करती है।

### जीवन में गुरु का बड़ा महत्व

गुरु अपने शिष्य के भूत, भविष्य और वर्तमान से भलीभांति अवगत होते हैं। इसी लिए जब गुरु केवल शिष्य के कल्याण एवं आत्मिक उत्थान के लिए ही होती है। गुरु कभी अपनी व्यक्तिगत सेवा एवं स्वार्थ सिद्धि के लिए शिष्य को कोई आज्ञा नहीं लगाते अपितु गुरू तो परमात्मा की वे अभिव्यक्ति हैं जो केवल अपने शिष्य को माया के नश्वर बंधनों व जीवन मरण के चक्र से मुक्त करने के लिए ही प्रयासरत रहते हैं। शिष्य जब इस बात की अनुभूति करता है तभी वह गुरू आज्ञा के महत्व को समझ पाता है।

## सीबीएसई क्लस्टर में आपीएस ने अंडर 14 व 19 में वालीबॉल में जीते सिल्वर मेडल

- सीबीएसई के ज्वाइंट सेक्रेट्री विजय सिंह यादव ने आरपीएस की दोनों वालीबॉल टीमों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** विजेता आरपीएस की वालीबॉल टीम। फोटो : हरिभूमि

आरपीएस विद्यालय ने एकबार फिर अपनी खेल प्रतिभा से जिले का मान बढ़ाया है। हाल ही में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-14 और अंडर-19 (आयु वर्ग) की टीमों ने सोनीपत में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल प्राप्त किया। दोनों ही वर्गों की टीमों ने प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट तालमेल, संघर्षशीलता और खेल भावना का परिचय दिया। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव और प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों को बधाई दी। जबकि सीबीएसई के ज्वाइंट सेक्रेट्री विजय सिंह यादव ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि इस उपलब्धि से विद्यालय के अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और आने वाले समय में आरपीएस विद्यालय खेलों के क्षेत्र में और भी ऊंचाइयां हासिल करेगा।

### इंडस पब्लिक स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया

## मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर मोहा सबका मन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद




**जींद।** मंच पर वरिष्ठों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा में रविवार को ग्रैंडपेरेंट्स डे का आयोजन बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय द्वारा यह कार्यक्रम विशेष रूप से दादा-दादी, नाना-नानी को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया ताकि बच्चों के जीवन में उनके योगदान को आदरपूर्वक सराहा जा सके। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग नृत्य प्रस्तुतियाँए संगीत कार्यक्रम तथा विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की गईं। साथ ही बच्चों के साथ उनके दादा-दादी, नाना-नानी ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम में अपने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में मौजूद हर व्यक्ति ने इस अवसर को पारिवारिक प्रेम, अपनापन और पीढ़ियों के बीच सौहार्द का उत्सव माना। इस अवसर पर विद्यालय के मुख्य अतिथि सुभाष श्योराण निदेशक इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस रहे। कार्यक्रम में विद्यालय अध्यक्ष सुरेन्द्र मडोत्रा, दिव्या मडोत्रा, मनोज जाखड़, ज्योति सैनी हेड मिस्ट्रेस जूनियर विंग, अर्जिता गुप्ता कोऑर्डिनेटर तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### कार्यक्रम की सफलता पर जताया आभार

विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह आयोजन दादा-दादी और नाना-नानी जैसे वरिष्ठ सदस्यों को सम्मान देने का एक सुंदर प्रयास है। जो बच्चों के संस्कार, अनुशासन और जीवन मूल्यों को संजोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय परिवार ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और इसे एक अविस्मरणीय दिन बताया। इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा की ओर से सभी दादा-दादी और नाना-नानी को हार्दिक शुभकामनाएं और सम्मान दिया गया।